JINDAL STEEL

October 24, 2025

| BSE Limited | National Stock Exchange of India Limited |
| --- | --- |
| Corporate Relationship Department, | Exchange Plaza, 5th Floor, |
| 1st Floor, New Trading Ring, | Plot No. C/1, G Block |
| Rotunda Building, P J Towers, | Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), |
| Dalal Street, Fort, Mumbai – 400 001 | Mumbai-400051 |
| corp.relations@bseindia.com | cmlist@nse.co.in |
| **Scrip Code: 532286** | **Symbol: JINDALSTEL** |

Dear Sir / Madam,

**Subject: Newspaper Advertisement regarding Notice of the Postal Ballot**

In terms of Regulation 30 read along with Schedule III of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith a copy of advertisement published in today's Newspapers viz. Haribhoomi (Hindi) and Financial Express (English) informing about publication of notice of the Postal Ballot and e-voting information.

The disclosure will also be available on the Company's website at www.jindalsteel.in.

This is for your information and records.

Thanking You.

For **Jindal Steel Limited**
(formerly known as Jindal Steel & Power Limited)

DAMODAR MITTAL
Digitally signed by DAMODAR MITTAL
Date: 2025.10.24 14:54:19 +05'30'

**Damodar Mittal**
Wholetime Director

Encl.: as above

## खबर संक्षेप

### डीडीपीओ ने शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

सिरसा। स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह चहल ने आमजन की पांच शिकायतें सुनी और विभागों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। डीडीपीओ बलजीत सिंह चहल ने कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ करें, ताकि आमजन को असुविधा न हो और सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले।

### भ्रष्टाचार पर रोक के लिए सतर्क चैटबॉट लॉन्च

सिरसा। हरियाणा राज्य सतर्कता व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एआई-आधारित व्हाट्सएप चैटबॉट 'सतर्क' लॉन्च किया है। यह पहल पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति को दर्शाती है। इस सेवा के माध्यम से नागरिकों को ब्यूरो की कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं से जुड़ी जानकारी एक सरल रूप में प्राप्त होगी। नागरिक क्यूआर कोड को स्कैन करके या वेबसाइट पर जाकर इस चैटबॉट तक पहुंच सकते हैं। यह चैटबॉट हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है और उपयोगकर्ता के अनुकूल है।

### इग्नू में असाइनमेंट की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

सिरसा। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी के अंतर्गत जिन विद्यार्थियों ने जनवरी 2025 में दाखिला लिया है उनके लिए असाइनमेंट जमा कराने की तिथि को 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इग्नू स्टडी सेंटर राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि असाइनमेंट जमा कराने की तिथि बढ़ाने संबंधी सूचना इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी क्षेत्रीय केंद्र करनाल से प्राप्त हुई है।

### बाइक सवार युवक हेरोइन सहित काबू

सिरसा। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान वाल्मीकि चौक क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 9 ग्राम 50 मिलीग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 22 अक्टूबर को एएसआई विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान वाल्मीकि चौक पर मौजूद थे। इसी दौरान शिव चौक की ओर से बाइक पर सवार युवक आता हुआ दिखाई दिया। युवक ने पुलिस पार्टी को देखकर भागने की कोशिश करने लगा।

### अपहरण व मारपीट मामले का तीसरा आरोपी दबोचा

सिरसा। सदर थाना पुलिस ने अपहरण व मारपीट के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव खैरेकां निवास रूली राम के रूप में हुई है। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक सुखदेव सिंह ने बताया कि बीती 4 अगस्त को गांव खैरेका निवासी शिकायतकर्ता गोविंद के साथ रुलीराम, विजय, पवन, सेठी व अन्य दोअज्ञात युवकों ने घग्घर बांध के पास नशे के सौदे में शक के चलते अपहरण कर मारपीट की थी। आरोपियों ने गोविंद को बांध के पास बने एक कमरे में बंधक बनाकर प्लास्टिक पाइप व डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। गोविंद के बयान पर थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था।

## एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

# बीमा राशि देने में देरी को सहन नहीं किया जाएगा



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

**कृष्ण कुमार ने जाति सत्यापित करवाने, हड़ौली निवासी शीलो ने निशानदेही की नकल ना देने, वार्ड नंबर 3 फतेहाबाद निवासी दिनेश कुमार ने बीपीएल सूची में दोबारा नाम दर्ज करने की मांग की**

लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं के आवेदनों को लंबित न रखा जाए और न ही उनके समाधान में कोई देरी की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बताया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर आमजन की शिकायतों का निवारण करते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे समाधान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और अपनी समस्याओं का निवारण कराएं और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। समाधान शिविर में ढिंगसरा निवासी रेनू ने वर्ष 2022 से वर्ष 2025 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा राशि दिलवाने व कृष्ण कुमार ने जाति सत्यापित करवाने, हड़ौली निवासी शीलो ने निशानदेही की नकल ना देने, वार्ड नंबर 3 फतेहाबाद निवासी दिनेश कुमार ने बीपीएल सूची में दोबारा नाम दर्ज करने, भिरड़ाना निवासी दुनी चंद ने न्यायालय में दिए फैसले अनुसार इंतकाल दर्ज करने, प्रकाश कौन ने पीपीपी आईडी में आय कम करने तथा मताना निवासी रोशन लाल ने पीपीपी आईडी में इनकम सही करवाने संबंधी अपनी शिकायत रखी।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीद जवानों के परिवारों से मिले पुलिस अधिकारी, किया सम्मानित

- परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। शहीद जवानों के परिवार से मिलते पुलिस अधिकारी।

फतेहाबाद पुलिस द्वारा देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों के परिजनों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य शहीद परिवारों के प्रति विभाग की संवेदनशीलता और निरंतर सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना है। इस क्रम में हेड कांस्टेबल रोहताश अपनी टीम सहित गांव बहबलपुर निवासी शहीद जवान होशियार सिंह पुत्र सरदार चरणजीत सिंह के घर पहुंचे। पुलिस टीम ने शहीद परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और यह जानकारी ली कि उन्हें किसी प्रकार की सुरक्षा या प्रशासनिक समस्या तो नहीं है। टीम ने परिवार को आश्वस्त किया कि यदि किसी भी प्रकार की आवश्यकता या समस्या उत्पन्न होती है तो फतेहाबाद पुलिस हर समय तत्पर रहेगी। इसी प्रकार थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार अपनी टीम के साथ शहीदों घर में पहुंचे।

# अनुसूचित जाति वर्ग के युवक-युवतियों को मिलेगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

- योजना के तहत कुल 2200 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 38 से 75 दिनों की अवधि का होगा, जिसके अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत कुल 2200 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें प्रत्येक जिले से 20-20 प्रशिक्षु चयनित किए जाएंगे। जिला प्रबंधक कुलदीप सैनी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सहायक सौंदर्य थैरेपिस्ट, सहायक हेयर ड्रेसर और स्टाइलिस्ट, ब्राइडल फैशन और पोर्टफोलियो मेकअप कलाकार, स्व-रोजगार दर्जी तथा सहायक फाल्स सीलिंग और ड्राईवॉल इंस्टॉलर जैसे कोर्स करवाए जाएंगे। इन कोर्सों में पुरुष व महिलाएं अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। सभी कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास रखी गई है, जबकि कुछ कोर्सों में दसवीं जरूरी है।


**38 से 75 दिन तक दिया जाएगा प्रशिक्षण**

फतेहाबाद। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से अनुसूचित जाति के महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न व्यावसायिक ट्रेडों में निशुल्क गैर-आवासीय कौशल प्रशिक्षण आयोजित करवाया जा रहा है। इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की अवधि 38 से 75 दिन तक होगी, जो हरियाणा कौशल विकास मिशन के निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित किए जाएंगे। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के जिला प्रबंधक कुलदीप सैनी ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों से अपना रोजगार खोल सकेंगे।

## डीएमसी से चार्ज वापस :बीजेपी जिला प्रधान ने दिखाई ताकत

- दुड़ा राम और प्रवीन जोड़ा में बढ़ सकती है खींचतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


संजय बिश्नोई


प्रवीण जोड़ा

भाजपा जिला प्रधान द्वारा दिवाली तक अतिक्रमण हटाओ अभियान की घोषणा के बाद भी जारी रहे अभियान से नाराज श्री जोडा कल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले और डीएमसी संजय बिश्नोई के तबादले की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा जल्द ही एचसीएस की तबादला सूची जारी होगी। उसमें तबादला हो जाएगा। लेकिन जिला प्रधान ने कहा कि यह मामला उनकी प्रतिष्ठा से जुड़ा है। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई से चार्ज वापिस लेने के आदेश दिए।

**नेताओं में सीधी टक्कर**

आदेश से दुकानदारों में खुशी का माहौल है तो प्रवीन जोड़ा का पार्टी और शासन में दबदबा बढ़ सकता है। उल्लेखनीय है कि डीएमसी पूर्व विधायक दुड़ा राम के नजदीकी रिश्तेदार है और दुड़ा राम ही उन्हें यहां लाए थे। डीएमसी से चार्ज लेना सीधी दुड़ा राम को चुनौती की तरह है। अभी तक तो जिला प्रधान और पूर्व विधायक में अप्रत्यक्ष रस्साकशी चल रही थी, लेकिन अब दोनों नेताओं में सीधी लड़ाई शुरू हो सकती है।

# पुलिस ने गुम हुए लाखों के 16 मोबाइल फोन ढूंढ़े, एसपी ने मालिकों को सौंपा

- टीम अब तक 247 से अधिक मोबाइल मालिकों को सौंप चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन सौंपते एसपी सिद्धांत जैन।

साइबर थाना फतेहाबाद की टीम ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए लाखों रुपये के गुम हुए 16 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सिद्धांत जैन ने करीब 10 लाख कीमत के 16 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। अब तक साइबर थाना की टीम 247 से अधिक मोबाइल फोन बरामद कर लौटाने की उपलब्धि हासिल कर चुकी है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने आईएमईआई ट्रेसिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग जैसी तकनीकों का उपयोग कर इन मोबाइलों को ट्रेस किया। प्रत्येक फोन की बरामदगी के पीछे महीनों की मेहनत, सटीक विश्लेषण और पुलिस की समर्पित कोशिशें रही हैं। कार्यक्रम में जब एसपी जैन ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन सौंपे, तो माहौल भावनाओं से भर गया। किसी की आंखों में खुशी थी, तो किसी के चेहरे पर संतोष की

### बीमा कंपनियों पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

फतेहाबाद। जिले में भारी बरसात के कारण किसानों की फसलें खराब हो गई है। किसान मुआवजे के लिए परेशान हो रही है वहीं बीमा कम्पनियां अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर क्लेम के नाम पर ऑब्जैक्शन लगाकर किसानों के साथ धोखा कर रही है। इसके विरोध में अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर 27 अक्टूबर को भट्टूकलां तहसील कार्यालय पर किसानों द्वारा रोष प्रदर्शन किया जाएगा। यह निर्णय आज अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी भट्टू कलां की हुई मीटिंग में लिया गया। मीटिंग सुभाष चन्द्र भादु की अध्यक्षता में हुई जिसमें मुख्य वक्ता किसान सभा के जिला प्रधान कामरेड विष्णु दत्त व मा. हनुमान सिंह ने हिस्सा लिया। किसान नेताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों की वजह से किसान और मजदूर कर्ज की गर्त में फंसता जा रहा है। फतेहाबाद जिले में हजारों एकड़ जमीन में जलभराव व सेम की वजह से फसलें बिल्कुल तबाह हो गई है। जिससे किसान परेशान हो रहे है।


फतेहाबाद। किसानों से पराली ना जलाने की अपील करते कृषि विकास अधिकारी।

### किसानों को पराली न जलाने को किया प्रेरित

फतेहाबाद। कृषि विकास अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने जिले के विभिन्न गांवों खारा खेड़ी, काजलहेड़ी, कुम्हारिया, भोडा होसनाक व बरसीन का दौरा करते हुए किसानों से पराली न जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से न केवल मिट्टी की उर्वरता कम होती है, बल्कि वायु प्रदूषण बढ़ने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की वैज्ञानिक विधियों के बारे में जानकारी दी और बताया कि सरकार द्वारा पराली का वैज्ञानिक प्रबंधन करने वाले किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे पराली प्रबंधन मशीनों जैसे सुपरसीडर, हैप्पी सीडर आदि का उपयोग कर मिट्टी की सेहत बनाए रखें। इस मौके पर वहां मौजूद एक किसान ने बताया कि वह पराली को जलाने की बजाय पशुओं के चारे के रूप में उपयोग करेगा और बचे हुए फानों को सुपरसीडर की मदद से खेत में मिलाएगा, जिससे भूमि की उर्वरक शक्ति में वृद्धि होगी। कृषि विकास अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने ऐसे किसानों की सराहना करते हुए अन्य किसानों से भी इस पहल को अपनाने की अपील की।

# रिलिविंग आदेश रद नहीं हुए तो होगा राज्य स्तर पर संघर्ष : एचएसईबी

- दोनों जेई को सब डिवीजन से रिलीव करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। मांगों को लेकर धरनारत बिजली कर्मचारी।

सिटी सब डिवीजन में कार्यरत दो जेई राजेश कुमार और मदन लाल को सिटी एसडीओ द्वारा बिना किसी कारण रिलिव किए जाने को लेकर कर्मचारियों का संघर्ष जारी है। निगम अधिकारियों की ओर से इस संबंध में अभी कोई बातचीत नहीं किए जाने से कर्मचारी में रोष बढ़ता जा रहा है। धरनारत कर्मचारियों ने बताया कि सिटी एसडीओ रमेश कुमार ने बिना किसी शिकायत व कारण दोनों जेई को सब डिवीजन से रिलीव कर दिय। यूनियन पदाधिकारियों ने एसडीओ रमेश कुमार से बातचीत की तो उन्होंने इस संबंधी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और मामले को गोलमोल कर चले गए। यूनियन की चेतावनी के बाद भी दोनों को रिलीव कर दिया गया, जबकि पूरे सिरसा सर्कल में विभिन्न पदों पर बहुत से कर्मचारी टेंपरेरी ऑर्डर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके साथ-साथ कर्मचारियों की भारी कमी के कारण बहुत से कर्मचारी अपनी सीट या कार्य से हटकर अन्य सीटों पर टेम्प्रेरी बैठे हैं। जिससे निगम का कार्य कर्मचारियों की कमी होने के बावजूद चल रहा है।

## 31 को प्रदेश भर में आयोजन, जिले में एडीसी होंगे ओवरऑल इंचार्ज

# रन फॉर यूनिटी की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने ली बैठक

**उपायुक्त डॉ भारती ने लघु सचिवालय के सभागार में ली बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को जिले में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत भवन के सामने से झंडी दिखाकर करेंगे, जिसके बाद यह दौड़ एमएम कॉलेज परिसर में संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और देशभक्ति के भावों को सुदृढ़ करने का प्रतीक है। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग मिल-जुलकर इस आयोजन को सफल बनाएं ताकि यह कार्यक्रम जिले में एक प्रेरणादायी उदाहरण बन सके। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि रन फॉर यूनिटी के मार्ग पर पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश दिए गए कि रन फॉर यूनिटी के पूरे रूट पर साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। वहीं पुलिस विभाग को यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने और सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी, विकास एवं पंचायत विभाग, खेल विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद**

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, जिप सीईओ सुरेश कुमार, अधीक्षण अभियंता एसएस राय, डीएसपी कुलवंत सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ श्याम लाल, डीईओ संगीता बिश्नोई, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद टूली, कार्यकारी अभियंता देवेंद्र सिंह, जिला खेल अधिकारी विष्णु दास सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

JINDAL STEEL
जिन्दल स्टील लिमिटेड
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट सचिवालय कार्यालय : जिन्दल सेंटर, टावर ए, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-32, गुरूग्राम-122001 (हरियाणा)
(CIN L27105HR1979PLC009913) | Website : www.jindalsteel.in
Email : investorcare@jindalsteel.in | Tel : +91 124 6612000

डाक मतदान और दूरस्थ ई-वोटिंग की सूचना

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014, (कोई वैधानिक संशोधन (एं) अथवा समय-समय पर लागू उनके पुनः कार्यान्वयन (एं) समेत) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ("दि एक्ट") की धारा 110, 108 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सचिवालयी मानकों-2, भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 ("लिस्टिंग रेगुलेशंस"), कम्पनी मामलों का मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और अन्य अनुवर्ती सरकुलर्स, और नवीनतम सामान्य सरकुलर नं. 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर 2025 ("यहां इसके पश्चात सामूहिक रूप से एमसीए सरकुलर्स के रूप में संदर्भित") के अनुसरण में एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि डाक मतदान की सूचना दिनांक 04 अक्तूबर 2025 में वर्णित अनुसार प्रस्तावों को डाक मतदान द्वारा, केवल दूरस्थ ई-वोटिंग ("ई-वोटिंग") प्रक्रिया द्वारा जिन्दल स्टील लिमिटेड (पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती) के सदस्यों द्वारा पारित किया जाना प्रस्तावित किया जाता है।

सदस्यों की सहमति अथवा असहमति का संचार केवल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

कम्पनी के सभी शेयरधारकों, जिनके नाम **शुक्रवार, 17 अक्तूबर 2025** (**"कट-ऑफ तिथि"**) के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर / डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किये गये लाभकारी मालिक के रजिस्टर में दर्ज हैं, शेयरधारकों जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी / डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं, को ई-मेल के माध्यम से व्याख्यात्मक विवरण सहित डाक मतदान सूचना का प्रेषण कम्पनी ने **बृहस्पतिवार, 23 अक्तूबर 2025** को पूर्ण कर लिया है।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट(एस) (www.jindalsteel.in), स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com), नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) और ई-वोटिंग एजेंसी अर्थात सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) (www.evotingindia.com) पर भी उपलब्ध है और डाउनलोड की जा सकती है।

कोई व्यक्ति, जो "कट-ऑफ तिथि" के अनुसार सदस्य नहीं है, इस सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु मानना चाहिए।

डिमैटीरियलाइज्ड मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्य, जो अपने ई-मेल पते अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत / अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि सम्बद्ध डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अपने ई-मेल पते पंजीकरण / अद्यतन करवाएं। भौतिक मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्य जो कम्पनी के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत / अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि नाम, फोलियो नं., पिन कोड सहित पता, सम्पर्क नं., सहित पैन कार्ड और पता प्रमाण (आधार कार्ड / वोटर आईडी कार्ड / पासपोर्ट) की स्व-सत्यापित प्रति वर्णित करते हुये हस्ताक्षरित आग्रह पत्र सहित कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") को ramap@alankit.com पर लिख कर इसका पंजीकरण / अद्यतन करवाएं।

कम्पनी ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिये सीडीएसएल की सेवाएं ले चुकी है। ई-वोटिंग अवधि **शुक्रवार, 24 अक्तूबर 2025 को (पूर्वा. 9.00 बजे) (आईएसटी) प्रारम्भ होगी और शनिवार, 22 नवम्बर 2025 को (अप. 5.00 बजे) (आईएसटी) समाप्त होगी।** ई-वोटिंग मॉड्यूल इसके पश्चात वोटिंग हेतु सीडीएसएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और ई-वोटिंग की अनुमति उक्त तिथि व समय के पश्चात नहीं दी जाएगी। इस अवधि के दौरान, केवल कट-ऑफ तिथि अर्थात **शुक्रवार, 17 अक्तूबर 2025** के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले कम्पनी के सदस्य ही ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।

कम्पनी निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से ई-वोटिंग प्रक्रिया आयोजित करने के लिये संवीक्षाकर्ता के रूप में मै. नवनीत के. अरोड़ा एंड कं., एलएलपी, कम्पनी सेक्रेटरीज के श्री नवनीत अरोड़ा, (सीओपी नं. 3005) को नियुक्त कर चुकी है।

संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित डाक मतदान द्वारा वोटिंग का परिणाम कम्पनी की वेबसाइट पर www.jindalsteel.in पर, स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड की www.bseindia.com पर और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट्स www.nseindia.com पर उपलब्ध होगा।

यदि सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली से ई-वोटिंग के सम्बन्ध में आपके कोई प्रश्न अथवा मुद्दे है तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक ई-मेल लिख सकते हैं अथवा टोल फ्री नं. 1800 21 09911 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते जिन्दल स्टील लिमिटेड
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
सव्यासाची बंद्योपाध्याय
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 10087103

दिनांक : 23 अक्तूबर 2025
स्थान : नई दिल्ली

# Tata Tech to hire more locals in US

- Move follows US Prez crackdown on immigration

**PRAVEEN PARAMASIVAM**
October 23

**TATA TECHNOLOGIES WILL** recruit more local nationals in the US, CEO and MD Warren Harris said, as the engineering services provider reacts to US President Donald Trump's wide-ranging immigration crackdown.

The US plans to charge businesses a steep fee for H-1B visas, used by tech majors including Amazon and Meta, in a move the Trump administration said would shield Americans from foreign wage competition. "As we react and respond to the change in legislation in and around visas, it will mean that we will be recruiting more local nationals in the US," Harris told *Reuters* on Friday.

India accounted for nearly three-fourths of H-1B visa beneficiaries last year, according to government data.

Tata Tech, which provides engineering and technology services to automobile, aero and heavy machinery makers in at least two dozen countries, has more than 12,000 employees globally including in the US.

Pune-based Tata Tech does not disclose country-specific revenue or employee count, but North America accounted for roughly a fifth of its ₹5,168 crore revenue in FY25.

**WARREN HARRIS**
CEO & MD, TATA TECHNOLOGIES

The US market continues to be very vibrant and important

We do see a pickup in the US in the next 6-9 months



Tata Tech, whose clients include Jaguar Land Rover, Vietnamese electric car maker VinFast and Boeing, already employs a workforce that is made up of over 70% local nationals in China, Sweden, the UK and the US.

Engineering service providers, which rely heavily on outsourcing work from corporate America, have been under pressure as auto clients reeling from the impact of US tariffs cut back. But the Tata Tech CEO is still bullish about the US.

"That market continues to be a very vibrant and important market," Harris said, adding, "We do see a pickup in the US in the next 6-9 months now that our customers have come to terms with...the new tariff regime."

**REUTERS**


## VIRINCHI LIMITED

**Regd office:** 8-2-672/5 & 6, 4th Floor, Ilyas Mohammed Khan Estate, Road No. 1, Banjara Hills, Hyderabad-500 034, Telangana. Tel: 040 4372 8111.
**Email id:** investors@virinchi.com **Website:** www.virinchi.com
**CIN:** L72200TG1990PLC011104

**Notice of the Extra-Ordinary General Meeting, E-Voting and Book Closure**

Notice is hereby given that the Extra-Ordinary General Meeting (EGM No. 02/2025-2026) of the members of Virinchi Limited ("The Company") will be held on Saturday, November 15, 2025 at 3:30 P.M. via Video Conferencing ("VC Facility") /Other Audio Visual Means ("OAVM") Only, to transact the businesses set out in the Notice of EGM, as per relaxation provided by Ministry of Corporate Affairs ("MCA") vide General Circulars bearing Nos. 14/2020 dated April 08, 2020, 17/2020 dated April 13, 2020, 20/2020 dated May 05, 2020, 22/2020 dated June 15, 2020, 33/2020 dated September 28, 2020, 39/2020 dated December 31, 2020, 10/2021 dated June 23, 2021, 03/2022 dated May 05, 2022, 11/2022 dated December 28, 2022, General Circular No. 09/2023 dated September 25, 2023, General Circular No. 09/2024 dated September 19, 2024 and latest Circular being, General Circular No. 03/2025 dated September 22, 2025 (hereinafter collectively referred to as "MCA Circulars") and by Securities and Exchange Board of India ("SEBI") has vide its Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020, Circular no. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated January 15, 2021, Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated May 13, 2022, Circular No. SEBI/HO/CFD/PoD2/P/ CIR/2023/4 dated January 05, 2023 and Circular No. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 dated October 07, 2023 and Circular number SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 dated October 3, 2024 (hereinafter referred to as "SEBI Circulars"), have permitted companies to hold their general meetings through Video Conferencing ("VC") or Other Audio Visual Means ("OAVM"), without the physical presence of the Members at a common venue.

Notice of the EGM has been uploaded on the website of the Company at www.virinchi.com and may also be accessed from the relevant section of the website of the stock exchanges i.e BSE Limited at www.bseindia.com, NSE at www.nseindia.com and on website of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) at www.evotingindia.com and on the website of the Registrar and Share Transfer Agent - Aarthi Consultants Private Limited at http://www.aarthiconsultants.com/investor_services.

**Remote E-Voting:**

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended from time to time, Secretarial Standard-2 on General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended from time to time, the Company is providing to the members the facility to exercise their right to vote at the EGM by electronic means. For this purpose, the Company has appointed CDSL for facilitating voting through electronic means.

The detailed instructions for e-voting are given in the Notice of EGM. Members are requested to note the following:

A) The Remote e-voting will commence on Tuesday, November 11, 2025 (09:00 A.M. IST) and will end on Friday, November 14, 2025 (05:00 P.M. IST). The e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter and members will not be allowed to vote electronically beyond the said date and time.

B) The Cut-off date for the purpose of e-voting shall be Saturday, November 08, 2025.

C) Persons who have acquired shares and become members of the Company after the dispatch of Notice and who are eligible shareholders as on the cut-off date - Saturday, November 08, 2025 may contact investors@virinchi.com or info@aarthiconsultants.com to obtain login id and password. However if he/she is already registered with CDSL for remote e-voting then he/she can use his/her existing user id and password to cast the vote.

D) Facility of voting through electronic voting system shall be made available during the proceedings of the EGM. Members attending the EGM through VC/OVAM who have not already cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right during the EGM.

E) Members who have already cast their vote by remote e-voting system prior to the EGM will be eligible to participate at the EGM but shall not be entitled to cast the vote again on such resolution(s) for which the member has already cast the vote through remote e-voting prior to the EGM.

F) The manner of voting remotely for members holding shares in dematerialised mode, physical mode and for members who have not registered their email id is provided in the Notice of EGM.

G) Members who have not registered their e-mail addresses are requested to register their e-mail addresses with respective Depository Participants and members holding shares in physical mode are requested to update their email addresses with Company 's Registrar and Share transfer Agent - Aarthi Consultants Private Limited at http://www.aarthiconsultants.com/investor_services to Notice of EGM, instructions for remote e-voting and instructions for participating in the EGM through VC.

H) In case you have any queries or issues regarding e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evotingindia.com, under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call 1800225533 or contact Registrar and Share Transfer Agent - Aarthi Consultants Private Limited at 040-27638111, info@aarthiconsultants.com.

I) All grievances connected with the facility for voting by electronic means may be addressed to Mr. Rakesh Dalvi, Sr. Manager, (CDSL, ) Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai - 400013 or send an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call toll free no. 1800 21 09911.

By order of the Board of Directors of
**Virinchi Limited**

Sd/-
**K Ravindranath Tagore**
Company Secretary
M.No. A18894

Date: 23.10.2025
Place: Hyderabad



**Union Mutual Fund**
**Union Asset Management Company Private Limited**
**Investment Manager for Union Mutual Fund**
**Corporate Identity Number (CIN):** U65923MH2009PTC198201
**Registered Office:** Unit 503, 5th Floor, Leela Business Park, Andheri Kurla Road, Andheri (East), Mumbai – 400059
Toll Free No. 18002002268/18005722268; Non Toll Free. 022-67483333; Fax No: 022-67483402;
Website: www.unionmf.com; Email: investorcare@unionmf.com

Union Mutual Fund

**NOTICE TO THE INVESTORS / UNITHOLDERS**

**NOTICE** is hereby given that Union Trustee Company Private Limited, Trustee to Union Mutual Fund ("the Fund"), has approved declaration of Income Distribution cum Capital Withdrawal ("IDCW") Option under respective plan of the following schemes of the Fund, as per the details given below:

| Name of the Scheme/ Plan /Option | Amount of IDCW (per unit)* | Record Date | NAV as on October 20, 2025 (per unit) | Face Value (per unit) |
|---|---|---|---|---|
| Union Balanced Advantage Fund – Direct Plan - IDCW Option | ₹ 0.17 | Tuesday, October 28, 2025** | ₹ 22.23 | ₹10.00 |
| Union Balanced Advantage Fund - Regular Plan - IDCW Option | ₹ 0.17 | | ₹ 20.55 | |
| Union Aggressive Hybrid Fund – Direct Plan - IDCW Option | ₹ 0.15 | | ₹ 19.38 | |
| Union Aggressive Hybrid Fund – Regular Plan - IDCW Option | ₹ 0.15 | | ₹ 18.33 | |

**Pursuant to payment under IDCW Option, the NAV of the IDCW Option(s) of the aforementioned Schemes would fall to the extent of payout and statutory levy, if any.**

*Distribution of the above IDCW is subject to availability of distributable surplus as on the Record Date of the Schemes and as reduced by the amount of applicable statutory levy, if any.
**or the immediately following Business Day, if that day is a Non-business Day.
All Unit holders whose names appear in the Register of Unit holders of the IDCW Option(s) of the aforementioned Schemes at the close of business hours on the aforementioned Record Date, shall be eligible to receive the IDCW so declared.
In case units are held in dematerialised form, IDCW will be paid to those Unit holders/Beneficial Owners whose names appear in the Statement of Beneficial Owners maintained by the Depositories under the IDCW Option(s) of the aforementioned schemes as on the Record Date.
Investors are requested to take note of the above.
In case of any queries/further details, you may contact any of the Customer Service Centres (CSCs) of Union Mutual Fund.

**For Union Asset Management Company Private Limited**
(Investment Manager for Union Mutual Fund)
Sd/-
**Authorised Signatory**

Place: Mumbai
Date: October 23, 2025

**MUTUAL FUND INVESTMENTS ARE SUBJECT TO MARKET RISKS, READ ALL SCHEME RELATED DOCUMENTS CAREFULLY.**

**Statutory Details: Constitution:** Union Mutual Fund has been set up as a Trust under the Indian Trusts Act, 1882; Sponsors: Union Bank of India and Dai-ichi Life Holdings, Inc.; **Trustee:** Union Trustee Company Private Limited [Corporate Identity Number (CIN): U65923MH2009PTC198198], a company incorporated under the Companies Act, 1956 with a limited liability; **Investment Manager:** Union Asset Management Company Private Limited [Corporate Identity Number (CIN): U65923MH2009PTC198201], a company incorporated under the Companies Act, 1956 with a limited liability.
Copy of all Scheme Related Documents can be obtained from any of our AMC offices/Customer Service Centers/distributors as well as from our website www.unionmf.com.


## COLGATE-PALMOLIVE (INDIA) LIMITED

**CIN**: L24200MH1937PLC002700
**Registered Office**: Colgate Research Centre, Main Street, Hiranandani Gardens, Powai, Mumbai 400 076
**Email Id**: investors_grievance@colpal.com **Website**: www.colgatepalmolive.co.in
**Tel**: +91 (22) 6709 5050

**STATEMENT OF UNAUDITED RESULTS FOR THE QUARTER AND SIX MONTHS ENDED SEPTEMBER 30, 2025**

(Rs. in Lakhs)

| | Particulars | Quarter Ended September 30, 2025 | Quarter Ended June 30, 2025 | Quarter Ended September 30, 2024 | Six Months Ended September 30, 2025 | Six Months Ended September 30, 2024 | Year Ended March 31, 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1 | Revenue from operations | 1,51,950 | 1,43,406 | 1,61,911 | 2,95,356 | 3,11,582 | 6,04,017 |
| 2 | Profit Before Tax | 44,228 | 43,195 | 53,045 | 87,423 | 1,01,970 | 1,92,984 |
| 3 | Net Profit After Tax for the period | 32,751 | 32,062 | 39,505 | 64,813 | 75,903 | 1,43,681 |
| 4 | Total comprehensive income for the period | 32,751 | 32,062 | 39,505 | 64,813 | 75,903 | 1,43,299 |
| 5 | Paid-up Equity Share Capital (Face value: Re 1/- per share) | 2,720 | 2,720 | 2,720 | 2,720 | 2,720 | 2,720 |
| 6 | Reserve excluding Revaluation Reserve | - | - | - | - | - | 1,63,727 |
| 7 | Basic and Diluted Earnings per share (of Re 1/- each) (not annualised) | 12.04 | 11.79 | 14.52 | 23.83 | 27.91 | 52.83 |

**Notes:**

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results for the quarter and six months ended September 30, 2025 are available on the website of the Company at https://www.colgatepalmolive.co.in/ and on the websites of the Stock Exchanges where the shares of the Company are listed i.e. https://www.bseindia.com/ and https://www.nseindia.com/.
2. The Company has declared a First Interim Dividend of Rs. 24/- per equity share of Re 1/- each aggregating to Rs. 65,277 Lakhs on October 23, 2025 for the Financial Year 2025-26, which will be paid on and from November 19, 2025.

**Colgate-Palmolive (India) Limited**

**Prabha Narasimhan**
**Managing Director and CEO**
**DIN : 08822860**

**Mumbai**
**October 23, 2025**


**NOTICE**

**Declaration of Distribution (of Income & Capital) (Previously Referred as Dividend) Under Various Schemes of Axis Mutual Fund**

Axis Mutual Fund Trustee Limited, Trustee to Axis Mutual Fund ("the Fund") has approved the declaration of Distribution (of Income & Capital) (previously referred as dividend) under the Income Distribution cum Capital Withdrawal (IDCW) options of following schemes, the particulars of which are as under:

| Name of the Schemes /Plans | Quantum of Distribution (of income & capital) (₹ per unit)# | Record Date* | Face Value (per Unit ₹) | NAV as on October 20, 2025 (per unit ₹) |
|---|---|---|---|---|
| Axis Arbitrage Fund - Regular Plan - Monthly IDCW Option | 0.05 | October 28, 2025 | 10 | 11.1575 |
| Axis Arbitrage Fund - Direct Plan - Monthly IDCW Option | | | | 12.2394 |
| Axis Equity Savings Fund - Regular Plan - Monthly IDCW Option | 0.09 | | | 11.79 |
| Axis Equity Savings Fund - Direct Plan - Monthly IDCW Option | | | | 13.93 |
| Axis Aggressive Hybrid Fund - Direct Plan - Monthly IDCW Option | 0.10 | | | 16.72 |
| Axis Multi Asset Allocation Fund - Regular Plan - Monthly IDCW Option | 0.15 | | | 20.2731 |
| Axis Multi Asset Allocation Fund- Direct Plan - Monthly IDCW Option | | | | 27.6503 |

#As reduced by the amount of applicable statutory levy, if any.
*or the immediately following Business Day if that day is not a Business Day.

**Pursuant to payment of IDCW, the NAV of the above stated IDCW options of the schemes/plans would fall to the extent of payout and statutory levy, if any.**

The Distribution would be paid to the beneficial owners / unit holders whose names appear in the statement of beneficial owners maintained by the depositories under the said schemes/plans at the close of business hours on the record date and to the unit holders holding units in physical form, whose names appear in the Register of unit holders maintained with Registrar and Transfer Agent under the IDCW options of the schemes/plans as at the close of the business hours on the record date.

Investors may kindly note that declaration of Distribution is subject to availability of distributable surplus on the record date/ ex-distribution date. In case the distributable surplus is less than the quantum of Distribution on the record date/ex-distribution date, the entire available distributable surplus in the schemes/plans will be declared as Distribution.

Investors are requested to kindly take note of the above.

For Axis Asset Management Company Limited
(CIN - U65991MH2009PLC189558)
(Investment Manager to Axis Mutual Fund)

Sd/-
Gop Kumar Bhaskaran
Managing Director & Chief Executive Officer

Place : Mumbai
Date : October 23, 2025
No. : 76/2025-26

The Sponsor - Axis Bank Ltd. is not liable or responsible for any loss or shortfall resulting from the operation of the scheme.
**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

AXIS MUTUAL FUND

One Lodha Place, 22nd & 23rd Floor, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai, Maharashtra, Pin Code - 400 013, India.
**TEL :** (022) 6311 1001, **EMAIL :** customerservice@axismf.com, **WEBSITE :** www.axismf.com.



**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(This is a public announcement for information purposes only and not for publication or distribution outside India and is not an Offer Document)

**COOL CAPS INDUSTRIES LIMITED**
**Registered office:** 23 Sarat Bose Road, Annapurna Apartment Flat No. 1C, 1st Floor, Kolkata - 700020, West Bengal, India
**Contact Person:** Mr. Arijit Ghosh, Company Secretary & Compliance Officer, Tel No: +91 9903921338
**E-Mail ID:** cs@coolcapsindustries.in; **Website:** www.coolcapsindustries.in
**Corporate Identity Number:** L27101WB2015PLC208523

**THE PROMOTERS OF THE COMPANY ARE (I) MR. RAJEEV GOENKA, (II) MR. VANSHAY GOENKA (III) M/S. PURV FLEXIPACK LIMITED**

**NOTICE TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF COOL CAPS INDUSTRIES LIMITED**

ISSUE OF UP TO 3,99,95,000* PARTLY PAID-UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 2/- EACH OF OUR COMPANY (THE "RIGHTS EQUITY SHARES") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 70/- PER RIGHTS EQUITY SHARE (INCLUDING A PREMIUM OF ₹ 68/- PER RIGHTS EQUITY SHARE), AGGREGATING UPTO ₹ 2,7996.50 LAKH* ON A RIGHTS BASIS TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY IN THE RATIO OF 1 (ONE) RIGHTS EQUITY SHARES FOR EVERY 1 (ONE) FULLY PAID-UP EQUITY SHARES HELD BY THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE, THAT IS SEPTEMBER 23, 2025 (THE "ISSUE"), FOR FURTHER DETAILS, SEE "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 69 OF THIS LETTER OF OFFER.
*Assuming full subscription with respect to Rights Equity Shares

**RIGHTS ISSUE EXTENDED : REVISED ACTIVITY SCHEDULE**

| | |
|---|---|
| DATE OF OPENING OF THE ISSUE | Tuesday, September 30, 2025 |
| LAST DATE FOR ON-MARKET RENUNCIATION OF RIGHTS ENTITLEMENTS# | Thursday, October 16, 2025 |
| EXTENDED DATE OF CLOSING OF THE ISSUE* | Wednesday, October 29, 2025 |
| DATE OF FINALIZATION OF BASIS OF ALLOTMENT (ON OR ABOUT) | Thursday, October 30, 2025 |
| DATE OF ALLOTMENT (ON OR ABOUT) | Thursday, October 30, 2025 |
| DATE OF CREDIT OF RIGHTS EQUITY SHARES (ON OR ABOUT) | Friday, October 31, 2025 |
| DATE OF LISTING / COMMENCEMENT OF TRADING OF EQUITY SHARES ON STOCK EXCHANGE (ON OR ABOUT) | Monday, November 03, 2025 |

**Note:** The above timetable is indicative in nature and does not constitute any obligation on the Company. While our Company shall ensure that all the steps for completion of all the necessary formalities for the listing and trading of our equity shares on the NSE - SME platform are taken within the prescribed timelines, the time table may change due to various factors such as any delay in receiving final listing and trading approval from the NSE. The Commencement of the trading of Equity shares will be entirely at the discretion of NSE in accordance with the applicable laws.
Payment Schedule of Rights Equity Shares

| AMOUNT PAYABLE PER RIGHTS EQUITY SHARE | On Application | One or more subsequent Call(s) as determined by our Board at its sole discretion, from time to time | Total |
|---|---|---|---|
| Face Value (₹) | 0.50 | 1.50 | 2.00 |
| Premium (₹) | 17.00 | 51.00 | 68.00 |
| Total (₹) | 17.50 | 52.50 | 70.00 |

**ASBA*** **Simple, Safe, Smart way of Application - Make use of it !!!**
*Application Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account, investors can avail the same. For further details read section on ASBA below

**PROCESS FOR APPLICATION IN THE ISSUE**
In accordance with Regulation 76 of the SEBI (ICDR) Regulations, SEBI Rights Issue Circulars and ASBA Circulars, all Investors desiring to make an Application in this Issue are mandatorily required to use the ASBA process. Investors should carefully read the provisions applicable to such Applications before making their Application through ASBA. For details, see "Procedure for Application through the ASBA Process" on page 72 of the Letter of Offer.
PLEASE NOTE THAT ONLY RESIDENT INVESTORS CAN SUBMIT THEIR APPLICATON USING THE ASBA PROCESS ONLY. ASBA FACILITY IS OPERATIONAL FROM THE ISSUE OPENING DATE.
LAST DATE FOR APPLICATION: This is to inform the Eligible Shareholders of the Company that the date of closure of the Rights Issue, which opened on September 30, 2025 and which was scheduled to close on October 24, 2025 has now been extended by the Company to October 29, 2025, vide the Board of Directors passed resolution dated October 23, 2025, in order to provide an opportunity to shareholders to exercise their rights in the Rights Issue.
**ACCORDINGLY, THE LAST DATE OF SUBMISSION OF THE DULY FILLED IN APPLICATION FORM IS OCTOBER 29, 2025, BEING THE ISSUE CLOSING DATE.**
ELIGIBLE SHAREHOLDERS OF THE COMPANY WHO ARE ENTITLED TO APPLY FOR THE RIGHTS ISSUE ARE REQUESTED TO TAKE NOTE OF THE DATE OF THE ISSUE CLOSURE I.E. OCTOBER 29, 2025. ACCORDINGLY, THERE IS NO CHANGE IN THE LETTER OF OFFER, STATUTORY ADVERTISEMENTS, ENTITLEMENT LETTER AND APPLICATION FORM EXCEPT THE MODIFICATION IN THE ISSUE CLOSING DATE, RESULTANT CHANGE IN THE INDICATIVE TIMETABLE OF POST ISSUE ACTIVITIES ON ACCOUNT OF EXTENSION OF ISSUE CLOSING DATE.
This addendum shall be available on the respective websites of our Company at www.coolcapsindustries.in the Registrar to the Issue at coolcapsindustries.rights@in.mpms.mufg.com and the Stock Exchange at www.nseindia.com
INVESTORS MAY PLEASE NOTE THE LETTER OF OFFER, APPLICATION FORM AND RIGHT ENTITLEMENT LETTER SHALL BE READ IN CONJUCTION WITH THIS ADDENDUM.

**For Cool Caps Industries Limited**
**Rajeev Goenka**
**Chairman and Managing Director**
**DIN: 00181693**

Place: Kolkata
Date: 24.10.2025



**JINDAL STEEL LIMITED**
(Formerly known as Jindal Steel & Power Limited)
Regd. Office : O. P. Jindal Marg, Hisar-125005 (Haryana)
Corporate Secretariat Office : Jindal Centre, Tower-A, 2nd Floor, Plot No. 2, Sector-32, Gurugram-122001 (Haryana)
(CIN : L27105HR1979PLC009913) | Website : www.jindalsteel.in
Email : investorcare@jindalsteel.in | Tel : +91 124 6612000

**NOTICE OF POSTAL BALLOT AND REMOTE E-VOTING**

**NOTICE** is hereby given pursuant to Section 110, 108 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 ("the Act"), read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof for the time being in force), Secretarial Standards - 2 issued by the Institute of Company Secretaries of India, Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"), General Circular Nos. 14/2020 dated 8th April, 2020, 17/2020 dated 13th April, 2020, and other subsequent circulars, and latest being General Circular No. 03/2025 dated September 22, 2025, issued by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India ('hereinafter collectively referred as 'MCA Circulars') that the resolutions as mentioned in the Notice of the Postal Ballot dated October 4, 2025, are proposed to be passed by the members of Jindal Steel Limited (Formerly known as Jindal Steel & Power Limited) by way of Postal Ballot, only by way of remote e-voting ("e-voting") process.

Communication of assent or dissent of the members would take place only through the e-voting system.

The Company has completed the dispatch of Postal Ballot Notice along with Explanatory Statement on **Thursday, October 23, 2025**, to all Shareholders of the Company, whose names appeared on the Register of members / Register of Beneficial Owner maintained by the Depositories as on **Friday, October 17, 2025 ("Cut- off date")** through e-mail, to the Shareholders whose email ID are registered with Company / depositories.

The said Notice is also available and can be downloaded on the website(s) of the Company (**www.jindalsteel.in**), Stock Exchanges i.e. BSE Limited (**www.bseindia.com**), National Stock Exchange of India Limited (**www.nseindia.com**) and e-voting agency i.e. Central Depository Services (India) Limited (CDSL) (**www.evotingindia.com**).

A person who is not a member as on "Cut-off Date", should treat this Notice for Information purposes only.

Members holding shares in dematerialised mode, who have not registered/updated their email addresses with their Depository Participant are requested to register/update their email addresses with the relevant Depository Participant. Members holding shares in physical mode who have not registered/ updated their email address with the Company, are requested to register/update the same by writing to the Registrar and Share Transfer Agent ("RTA") of the Company at **ramap@alankit.com** with the signed request letter mentioning Name, Folio No., address with PIN code, Contact no., along with self-attested copy of PAN Card and Address proof (Aadhar Card / Voter ID Card / Passport).

The Company has engaged the services of CDSL to provide the e-voting facility. The e-voting period commences on **Friday, October 24, 2025 (09:00 a.m.) (IST) and ends on Saturday, November 22, 2025 (05.00 p.m.) (IST).** The e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter and e-voting shall not be allowed beyond said date and time. During this period, members of the Company holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date i.e., **Friday, October 17, 2025,** shall only be entitled to avail the facility of e-voting.

The Company has appointed **Mr. Navneet Arora, (COP No. 3005)** of M/s Navneet K. Arora & Co., LLP, Company Secretaries, as the Scrutinizer, for conducting e-voting process in a fair and transparent manner.

The result of the voting by Postal Ballot along with the Scrutinizer's report shall be available on the Company's website at **www.jindalsteel.in**, on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at **www.bseindia.com** and National Stock Exchange of India Limited at **www.nseindia.com**.

If you have any queries or issues regarding e-voting from the CDSL e-voting System, you can write an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or contact at toll free no. **1800 21 09911.**

For **JINDAL STEEL LIMITED**
**(Formerly known as Jindal Steel & Power Limited)**
**Sd/-**
**Sabyasachi Bandyopadhyay**
**Wholetime Director**
**DIN: 10087103**

**Date: October 23, 2025**
**Place: New Delhi**